# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
# एव
# राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय,
समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ –226 007

वेब–साईट: www.upefa.com ई–मेल : upefaspo@gmail.com दूरभाष : 0522-4024440, 0522-2780384


शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

संख्या 4177 सामु0सह0 / के0आर0सी0 / 2020–21
दिनांक 10 सितम्बर, 2020

**निदेशक,**
**गोविन्द बल्लभ पन्त, सामाजिक विज्ञान संस्थान,**
**झूँसी, प्रयागराज।**

कृपया राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक संख्या सामु0सह0 / के0आर0सी0 / 2287 / 2020–21 दिनांक 14 जुलाई, 2020 एवं सामु0सह0 / के0आर0सी0 / 436 / 2020–21 दिनांक 20 मई, 2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो शैक्षिक संस्थानों / विश्वविद्यालयों द्वारा विभिन्न मदों में प्राप्त न्यूनतम दरों पर मूल्यांकन एवं सत्यापन का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में है। इस सम्बन्ध में आपके विभाग से प्राप्त ई–मेल दिनांक 04 जून, 2020 के द्वारा प्रत्येक जनपद में चार दिनों के मूल्यांकन एवं सत्यापन का कार्य करने हेतु सहमति प्रदान की गयी है।

उक्त के क्रम में राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार निम्नवत् बिन्दुओं पर मूल्यांकन कराये जाने हेतु एतद्द्वारा आदेश निर्गत किया जा रहा है।

- बालिका शिक्षा, गुणवत्ता एवं प्रशिक्षण, निर्माण कार्य, सामुदायिक सहभागिता, समेकित शिक्षा, मध्याहन भोजन योजना, के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों का मूल्यांकन, अभिलेखों, सपोर्टिंग डाक्यूमेंट्स एवं फोटोग्राफ्स के आधार पर किये जाने हेतु चेक लिस्ट (संलग्नक–1)।
- परिषदीय 2 प्राथमिक तथा 1उच्च प्राथमिक विद्यालय बन्द होने के कारण इनके स्थान पर 2 खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं ब्लॉक संसाधन केन्द्र का दी गयी चेक लिस्ट के अनुसार सत्यापन एवं मूल्यांकन किये जाने हेतु चेक लिस्ट (संलग्नक–5)।
- 2 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों (के०जी०बी०वी०) का दी गयी चेक लिस्ट के अनुसार सत्यापन एवं मूल्यांकन किये जाने हेतु चेक लिस्ट (संलग्नक–3)।
- 1 ए०एल०सी० बन्द होने के कारण इसके स्थान पर 1 खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं ब्लॉक संसाधन केन्द्र का दी गयी चेक लिस्ट के अनुसार सत्यापन एवं मूल्यांकन किये जाने हेतु चेक लिस्ट (संलग्नक–5)
- 1 खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं ब्लॉक संसाधन केन्द्र का दी गयी चेक लिस्ट के अनुसार सत्यापन एवं मूल्यांकन किये जाने हेतु चेक लिस्ट (संलग्नक–5)।
- बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय का दी गयी चेक लिस्ट के अनुसार मूल्यांकन एवं सत्यापन किये जाने हेतु चेक लिस्ट (संलग्नक–6)।

चयनित संस्थाओं / संस्थानों को आवंटित मण्डल के एक जनपद का भ्रमण एवं मूल्यांकन हेतु 04 दिन का समय निश्चित किया गया है। प्रत्येक जनपद में 02 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, 04 खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं समस्त जिला समन्वयकों के पटल का सत्यापन व मूल्यांकन किया जाना है।

उल्लेखनीय है कि जनपदवार मूल्यांकन एवं सत्यापन के कार्य हेतु **जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं समस्त जिला समन्वयकों के पटल तथा रैण्डम आधार पर चयनित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय की सूची राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा आपके**

**संस्थान को संलग्न कर उपलब्ध करायी जा रही है।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों का मूल्यांकन एवं सत्यापन का कार्य करने हेतु आपके संस्थान को आवंटित जनपद निम्नांकित है :–

| **मण्डल का नाम** | **जिला** | **कुल आवंटित जनपदों की संख्या** |
|---|---|---|
| प्रयागराज | प्रयागराज, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ | 4 |
| मिर्जापुर | मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र | 3 |
| वाराणसी | चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी | 4 |
| | **कुल** | **11** |

अतः यह अपेक्षित है कि विभाग द्वारा कार्यक्रमों के **मूल्यांकन एवं सत्यापन का कार्य 15 सितम्बर 2020 से कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए किया जाये** तथा फील्ड भ्रमण समाप्त होने के 15 दिन के अन्दर दिये गये चेक बिन्दुओं के सापेक्ष बिन्दुवार मूल्यांकन/सत्यापन आख्या एवं मूल्यांकन/सत्यापन की संक्षिप्त रिपोर्ट (संलग्नक–7) राज्य परियोजना कार्यालय को प्रस्तुत किया जाए। रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त विभाग/संस्थानों को नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जाएगी।

***संलग्नकः***

1. ***जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं समस्त जिला समन्वयकों के पटल तथा रैण्डम आधार पर चयनित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय की सूची।***
2. ***मूल्यांकन एवं सत्यापन की चेक लिस्ट।***
3. ***संक्षिप्त रिपोर्ट का प्रारूप।***

भवदीय

**(विजय किरन आनन्द)**
**राज्य परियोजना निदेशक**

**पृष्ठांकनः सामु0सह0/के0आर0सी0/ /2020–21 तद्‌दिनांकः**
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. जिलाधिकारी, एवं अध्यक्ष जिला शिक्षा परियोजना समिति प्रयागराज, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी, उ0प्र0।
2. शिक्षा निदेशक, (बेसिक), उ0 प्र0 बेसिक शिक्षा निदेशालय, लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी,
4. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), प्रयागराज, वाराणसी, मिर्जापुर, मण्डल उ0प्र0
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला समन्वयक/खण्ड शिक्षा अधिकारी, जनपद–प्रयागराज, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी को इस आशय के साथ प्रेषित मूल्यांकन करने वाली संस्था को सहयोग प्रदान करें।

**(विजय किरन आनन्द)**
**राज्य परियोजना निदेशक**